**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 18.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए जारी की दो सौ चवालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि।

2– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में मेडिकल पीजी पाठ्यक्रम के प्रवेश के लिए आज से होने वाली काउंसलिंग पर लगाई रोक।

3–सुशासन और अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के साथ किया एमओयू।

4– त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल हुए पहले चरण में इकयासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।

**समाचार विस्तार से .....**

**केन्द्र–स्थानीय निकाय राशि**

केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सहित पंजाब और उत्तराखंड में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पांच सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान जारी किया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि पंचायती राज संस्थानों और ग्रामीण स्थानीय निकायों को प्रदान किए जाने वाले ये अनुदान जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए दो सौ चवालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की गई है। ये राशि राज्य की ग्यारह हजार पांच सौ अड़तालीस पात्र ग्राम पंचायतों, एक सौ छियालीस ब्लॉक पंचायतों और सत्ताईस जिला पंचायतों के लिए है।

**हाईकोर्ट–मेडिकल पीजी पाठ्यक्रम**

प्रदेश में मेडिकल पीजी पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आज होने वाली काउंसलिंग पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में कल इस मामले की सुनवाई हुई। याचिका दायर करते हुए सेवारत् डॉक्टरों ने यह आरोप लगाया था कि पिछले वर्ष हुई प्रवेश परीक्षा में अच्छी रैंक प्राप्त करने के बावजूद, काउंसलिंग में कई अपात्र उम्मीदवारों को सेवारत श्रेणी का अनुचित लाभ दिया गया। नियमानुसार, इस श्रेणी में पात्रता के लिए इकतीस जनवरी दो हजार चौबीस तक न्यूनतम तीन वर्षों की सेवा पूरी करना आवश्यक था। लेकिन, अधिकारियों ने इस कटऑफ तिथि के बाद भी सेवा अवधि की गणना कर दी, जिससे अयोग्य उम्मीदवारों को प्रवेश का अवसर मिल गया। कल हुई सुनवाई में महाधिवक्ता ने भी माना कि शिकायत प्रथम दृष्टया सही प्रतीत हो रही है। कोर्ट ने पाया कि कटऑफ तिथि के बाद एक निजी उम्मीदवार को सीट आवंटित की गई थी, इसलिए हाईकोर्ट से आज से होने वाली काउंसिलिंग पर रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई अब पच्चीस फरवरी को होगी।

**हाईकोर्ट–बस किराया**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में बसों में किराये की जानकारी नहीं देने और राउंड फिगर के नाम पर अतिरिक्त वसूली के मामले में कल सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने इस मामले में राज्य सरकार से जानकारी मांगी। इससे पहले, न्यायालय ने प्रदेश के सभी बस स्टैंड पर किराया सूची चस्पा करने, बसों में डिस्प्ले बोर्ड लगाने और किराये पर पुनर्विचार करने को कहा था। इस पर राज्य सरकार की ओर से पंद्रह अक्टूबर को हुई सुनवाई में महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने न्यायालय को बताया कि सरकार की ओर से एक हलफनामा पेश किया गया है। उन्होंने बताया

कि किराये पर पुनर्विचार के लिए पत्र गलती से विधि विभाग को भेज दिया गया था। अब इस संबंध में कैबिनेट में निर्णय होगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई सत्रह मार्च को होगी।

**एमओयू**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आज सुशासन और अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसेगा और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

**रेलवे स्टेशन—अलर्ट**

रेलवे स्टेशनों पर हादसे और भगदड़ की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन ने देशभर के सभी स्टेशनों में अलर्ट जारी कर दिया है। दुर्ग से प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ फिर बढ़ रही है। इसे देखते हुए रेलवे द्वारा दुर्ग और गोंदिया से दो महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन तीन फेरो के लिए आज अट्ठारह, इक्कीस और तेईस फरवरी को चलाई जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल—आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को तैनात किया गया है।

दुर्ग आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजीव सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

**पंचायत चुनाव—पहला चरण**

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल हुए पहले चरण के मतदान में इकयासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में राज्य के तिरपन विकासखंडों में मतदान हुआ। सभी जगहों में मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हुई और कही भी कोई अप्रिय घटना की शिकायत नहीं मिली है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में सत्ताईस हजार दो सौ दस पंच, तीन हजार छह सौ पांच सरपंच, नौ सौ ग्यारह जनपद सदस्य और एक सौ उनचास जिला पंचायत सदस्यों के लिए निर्वाचन हुआ है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बीस फरवरी को दूसरे चरण में तैंतालीस विकासखंडों में मतदान होगा। वहीं, तीसरे और अंतिम चरण में तेईस फरवरी को पचास विकासखंडों में वोट डाले जाएंगे।

**मुख्यमंत्री/महापौर—पार्षद मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर में दुर्ग और धमतरी जिले के नव—निर्वाचित महापौर सहित पार्षदों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महापौर और पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होनी चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, जिससे नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। श्री साय ने कहा कि सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

**सिविल जज भर्ती—आवेदन**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—पीएससी द्वारा सिविल जज के संतावन पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए तेईस फरवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। सिविल जज भर्ती के लिए अब ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, जो सिर्फ विधि स्नातक हैं। पहले लॉ ग्रेजुएट होने के साथ ही अधिवक्ता के रुप में भी नामांकित होना जरुरी था, अब इस शर्त को हटा दिया गया है। पीएससी की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के परिपालन में यह शर्त हटाई गई है।

**रायपुर—रोजगार मेला**

जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में आज से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बीस फरवरी तक चलने वाला यह रोजगार मेला सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से पांच सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजक टेक्नोटॉस्क बी.पी.ओ. द्वारा न्यूनतम बारहवीं उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती की जाएगी।

## दुर्घटना

रायगढ़ जिले के जूटमिल थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने इस मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिला प्रशासन की समझाइश के बाद क्षेत्रवासियों ने चक्काजाम समाप्त किया।

वहीं, बलौदाबाजार जिले के कडार गांव स्थित भाटापारा–निपनिया मार्ग में तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पार कर रही एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल–

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीस फरवरी से प्रदेश के पूर्वी भाग के कुछ जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले दो दिनों में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाचार संक्षेप में ...

–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामी रामकृष्ण परमहंस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

–कल उन्नीस फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन करते हुए कहा है कि शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक, उत्कृष्ट रणनीतिकार और कुशल प्रशासक भी थे।

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बाईस फरवरी को सुबह साढ़े ग्यारह बजे से मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

–वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज दुर्ग जिले में ई–सिटी बस टर्मिनल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

–रायपुर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा द्वारा पार्टी संगठन द्वारा लिए गए निर्णयों के खिलाफ कथित रूप से मीडिया को दिए गए बयानों को कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है।

–त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में जिला पंचायत के सीईओ ने मुंगेली विकासखंड के दो पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया है।

–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा दो मार्च जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने दुर्ग–गोंदिया भंडारा रोड रेलखंड का आज निरीक्षण किया।

–परिचालन संबंधी कारणों से उन्नीस और इक्कीस फरवरी को दुर्ग–छपरा–दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>